तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026

12 सीआरपीएफ ने लगाया स्वास्थ्य शिविर उपचार क....


12 कांगेरघाटी से छत्तीसगढ़ को वैश्विक पर्यटन मानचित्र ...




## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# दंतेश्वरी मंदिर में 3 अमेरिका, एक लंदन व 2 दुबई के भक्त के प्रज्ज्वलित होंगे ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर के ऐतिहासिक मां दंतेश्वरी मंदिर में इस वर्ष की चैत्र नवरात्र अत्यंत खास होने वाली है। मां दंतेश्वरी की महिमा के कारण विदेशी भक्तों का भी यहां के प्रति अगाध विश्वास है। इस बार चैत्र नवरात्रि के लिए 6 विदेशी यानि अमेरिका से 3, लंदन से 1 और दुबई से 2 भक्त विशेष मनोकामना ज्योत जलाएंगे। दंतेश्वरी मंदिर में देश-विदेश से भक्त आते हैं, लेकिन इस बार विदेशी भक्तों की विशेष भागीदारी देखी जा रही है। दूर-दराज से भक्त मां दंतेश्वरी के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने के लिए नवरात्रि में विशेष मनोकामना ज्योत ▶▶ शेष पेज 10 पर

## चैत्र नवरात्र के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह

### ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा

मनोकामना ज्योत जलवाने के लिए मंदिर कमेटी द्वारा पिछले साल से क्यूआर कोड सिस्टम की सुविधा शुरू की गई है। टेंपल कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि दंतेश्वरी मंदिर में मनोकामना ज्योत जलवाने के लिए विदेशों में रहने वाले श्रद्धालु भी बुकिंग करवा रहे हैं।



### मां दंतेश्वरी मंदिर में की गई सजावट

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर दंतेवाड़ा में स्थित ऐतिहासिक मां दंतेश्वरी मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। इस 52 शक्तिपीठों में से एक प्रमुख मंदिर में, नवरात्र के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां दंतेश्वरी की आराधना और ज्योति कलश प्रज्ज्वलन के लिए पहुंच रहे हैं। पिछले चैत्र नवरात्रि में 4000 कलश स्थापित हुए थे। इस बार भी तेल के 4000 एवं घी के 1000 ज्योत प्रज्ज्वलित करेंगे। साथ ही इस बार चांदी के सिक्के का मूल्य 2100 से बढ़ाकर 4100 कर दिया गया है।



### 12 में से 10 एजेंडे पारित, सदन में होती रही तल्ख बहस

# निगम की सामान्य सभा में चला 'भ्रष्टाचार बनाम जवाबदेही' का संग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नगर निगम की सामान्य सभा बुधवार को हंगामे, तीखी बहस और आरोप-प्रत्यारोप के बीच संपन्न हुई, जहां एक ओर विपक्ष कांग्रेस पार्षदों ने संपत्ति कर, जलकर, मैदान शुल्क वृद्धि और बीड हार्वेस्टर मशीन में कथित भ्रष्टाचार को लेकर सत्तापक्ष भाजपा नगर सरकार को घेरा, वहीं सत्तापक्ष ने भी पलटवार करते विपक्ष की भूमिका पर सवाल उठाए। भारी विरोध और शोर-शराबे के बावजूद एजेंडा में शामिल 10 विषय अंततः बहुमत से पारित हो गए।

- शुल्क वृद्धि से भड़का विपक्ष, महापौर ने पलटवार में घेरा
- बीड हार्वेस्टर मशीन पर उठाया सवाल 'तब क्यों थे खामोश?'

बैठक की शुरुआत में निगम सचिव द्वारा एजेंडा के विषयों का वाचन किया गया। पहले ही विषय सिटी फुटबॉल एवं हाता मैदान के उपयोग हेतु नए शुल्क निर्धारण पर विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया। नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने आरोप लगाया कि शुल्क वृद्धि से खिलाड़ियों को हतोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की नीति से खिलाड़ी मैदान से दूर हो जाएंगे। इसके जवाब में महापौर संजय पांडे ने पूर्व कांग्रेस शासनकाल में की गई शुल्क वृद्धि का हवाला देते हुए विपक्ष को घेर लिया, जिससे विपक्ष को जवाब देने का अवसर तक नहीं मिला और पहला विषय बहुमत से पारित हो गया। दूसरे एजेंडे में संजय बाजार स्थित एक्स/वाय ब्लॉक के पीछे दुकानों की निविदा पर भी विपक्ष ने आपत्ति जताई, लेकिन इसे भी बहुमत से पारित कर दिया गया। तीसरे से छठे विषयों पर अपेक्षाकृत कम विरोध रहा और वे सर्वसम्मति से पारित हुए। सातवें विषय इतवारी बाजार परिसर की दुकानों के उच्चतम दरों की स्वीकृति पर फिर से सदन में हंगामा हुआ, लेकिन अंततः यह भी बहुमत से पारित हो गया। प्रतापदेव वार्ड में पार्किंग व्यवस्था को लेकर उठे सवाल पर स्थिति उस समय पलट गई ▶▶ शेष पेज 10 पर





### अवैध नल कनेक्शन पर तीखी लेकिन सार्थक बहस

अवैध नल कनेक्शन को वैध करने के प्रावधान पर सत्ता और विपक्ष के बीच लंबी बहस चली। सत्तापक्ष से जलकर सभापति सुरेश गुप्ता ने विस्तार से पक्ष रखा, वहीं कांग्रेस पार्षद सूर्या पूरी तैयारी के साथ हर जवाब पर प्रतिप्रश्न करते रहे। उन्होंने फोटो तक लहराकर सत्तापक्ष को घेरने की कोशिश की। कांग्रेस पार्षद गौतम पाणिग्राही ने भी इस मुद्दे पर सवाल उठाए। अंततः महापौर को हस्तक्षेप कर स्थिति संभालनी पड़ी और बहस को विराम देना पड़ा।

### कांग्रेस ने जनहित के मुद्दों पर हमेशा समर्थन दिया

मीडिया से चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने जनहित के मुद्दों पर हमेशा समर्थन दिया, लेकिन दुकान आबंटन में कम निविदा दर पर प्रस्ताव पारित करना गलत है। उन्होंने दोबारा निविदा बुलाने की मांग की थी,जिसे बहुमत के दम पर खारिज कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सामान्य सभा के प्रश्नों का जवाब अब तक नहीं दिया गया,जिसके चलते इस बार कांग्रेस पार्षदों ने प्रश्न नहीं लगाए। साथ ही उन्होंने विकास कार्यों में पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि केवल भाजपा वार्डों में कार्य हो रहे हैं।आसंदी पर भी उन्होंने दबाव में कार्य करने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक महिला पार्षद को सवाल पूछने का अवसर तक नहीं दिया गया,जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है।

## 833 कर्मियों के पुनर्वास व संविलियन पर केंद्र सरकार से मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर पोटाकेबिन विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशक एवं भृत्य कर्मचारियों के भविष्य का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। सांसद ने एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए बस्तर संभाग के माओवाद प्रभावित और दुर्गम क्षेत्रों में वर्षों से सेवा दे रहे इन कर्मियों की लंबित मांगों और सुरक्षित पुनर्वास पर ठोस निर्णय लेने की मांग की। मुलाकात के दौरान सांसद ने बस्तर की विषम परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए बताया कि करीब 60 पोटाकेबिन विद्यालयों में पिछले 15-16 वर्षों से 833 कर्मचारी लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जब नक्सली हिंसा के चलते सामान्य स्कूलों का संचालन मुश्किल था, तब इन्हीं कर्मियों ने शिक्षा की अलख जलाए रखी। कई अनुदेशक इस दौरान नक्सली हिंसा का शिकार होकर वीरगति को प्राप्त हुए, जो इस विषय को और अधिक संवेदनशील बनाता है। सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया ▶▶ शेष पेज 10 पर

- पोटाकेबिन कर्मियों के हक की गूंज दिल्ली तक

### केंद्रीय मंत्री ने विचार करने का दिया आश्वासन

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सांसद की बातों को गंभीरता से सुनते हुए पोटाकेबिन कर्मियों के योगदान की सराहना की और आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार करेगी। राज्य सरकार के समन्वय से कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### झिल्लियों में लाते थे कापी किताब, शिक्षिका ने दिया बैग

**जगदलपुर।** विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमा डोंगरी संकुल जमावाड़ा में 70 बच्चों को स्कूल बैग तथा गिफ्ट का वितरण किया गया। अधिकांश बच्चों के पास स्कूली बैग नहीं था, सारे बच्चे बैग के अभाव में झिल्लियों में कापी पुस्तक रखकर स्कूल आते थे। स्कूल की शिक्षिका वसुधा जैन ने स्वयं के व्यय से स्कूली बैग खरीद कर बच्चों को वितरण किया। इस कार्य के लिए स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने वसुधा जैन को धन्यवाद दिया है।

### मैराथन में पुरस्कारों की होगी झड़ी

**जगदलपुर।** बस्तर की पावन धरा रविवार को एक ऐतिहासिक खेल महाकुंभ की साक्षी बनने जा रही है, जहाँ बस्तर हेरिटेज मैराथन के माध्यम से न केवल धावकों का दमखम दिखेगा, बल्कि उनकी प्रतिभा पर सम्मान की झड़ी भी होगी। लालबाग मैदान जगदलपुर से शुरू होने वाली इस मैराथन की सबसे खास बात इसकी विशाल पुरस्कार राशि है, जो देशभर के एथलीटों को आकर्षित कर रही है। आयोजन में मुख्य आकर्षण 42 किलोमीटर की ओपन श्रेणी है, जहाँ पुरुष और महिला दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को 1,50,000 रुपये के भव्य नकद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इसी श्रेणी में द्वितीय स्थान के लिए 75,000 और तृतीय स्थान के लिए 50,000 रुपये की राशि सुरक्षित की गई है, जबकि टॉप 10 में आने वाले हर धावक को नकद इनाम दिया जाएगा।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 20 तक कर सकेंगे 8वीं के विद्यार्थी

जगदलपुर। कक्षा 8वीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति के लिए निःशुल्क ऑफलाइन, ऑनलाइन आवेदन छत्तीसगढ़ ▶▶ शेष पेज 10 पर

## उत्कल दिवस पर सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

उत्कल समाज बस्तर संभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 अप्रैल को उत्कल दिवस भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति एवं युवा साथियों के सहयोग से इस बार आयोजन को और अधिक आकर्षक एवं व्यापक स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के तहत विभिन्न तिथियों पर विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

कार्यक्रमों की शुरुआत 22 मार्च को महिला प्रकोष्ठ द्वारा समाज भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रमों से होगी, जिसमें महिलाओं के लिए विविध सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके पश्चात 27 मार्च को रामनवमी के पावन अवसर पर भैरम मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जो समाज में धार्मिक आस्था और एकता का संदेश देगा। 31 मार्च को समाज भवन से भव्य महारैली निकाली जाएगी,जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं 1 अप्रैल को उत्कल दिवस के अवसर पर समाज भवन में संध्या समय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा,जिसमें समाज की वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया जाएगा तथा कार्यक्रम के उपरांत सामूहिक रात्रि भोज का आयोजन रखा गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस वर्ष के आयोजन को भव्य बनाने हेतु समाज के सभी सदस्यों से सहयोग लिया जाएगा। पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, महिला विंग एवं युवा विंग द्वारा पहल करते हुए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया है, जिससे आयोजन को सफल बनाया जा सके।



### इनकी रही उपस्थिति

समाज के अध्यक्ष राजेश दास,सचिव सुमित महापात्र,उपाध्यक्ष मथुरा तिवारी,मनोज पट्टजोशी,कोषाध्यक्ष मनोज महापात्र, संगठन सचिव रमेश नंद,सांस्कृतिक सचिव मनीष श्रीवास्तव, कार्यालयीन सचिव अच्युत सामंत,कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप महापात्र,रितेश पाढ़ी सहित महिला विंग एवं युवा विंग के सदस्यों ने सहयोग प्रदान करते हुए सभी समाजजनों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## प्रशिक्षण से मजबूत होगा संगठन, कार्यकर्ताओं को मिलेगा नया आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी तेरह मण्डलों में प्रशिक्षण कार्यशालाओं का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को चित्रकोट में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत बस्तर मण्डल के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर अनुभवी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यप्रणाली और जनसंपर्क के तरीकों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को इतिहास, विकास, कार्य विस्तार, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया और शासन की उपलब्धियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं, जो समाज के बीच जाकर पार्टी के विचारों को प्रभावी ढंग से पहुंचाते हैं।

पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ता को दक्ष और जागरूक बनाता है, जिससे वे संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जनसेवा में भी सक्रिय भूमिका निभा सकें। वहीं जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं का समन्वित प्रयास आवश्यक है और प्रशिक्षण इसके लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है। कार्यशाला में जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्राही, परीस बेसरा, मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी, चमेली साहू, ▶▶ शेष पेज 10 पर



### प्रशिक्षण से संगठन विस्तार की नई रणनीति तय

प्रशिक्षण कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को क्रमबद्ध रूप से संगठन के मूल सिद्धांतों,कार्यपद्धति,बूथ स्तर तक पहुंच मजबूत करने की रणनीति,सोशल मीडिया एवं आधुनिक तकनीकों के उपयोग, तथा सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसंपर्क बढ़ाना होगा,जिससे संगठन की पहुंच हर वर्ग तक सुनिश्चित हो सके और संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत किया जा सके।

### गणगौर की गूंज, महेश्वरी समाज की मातृशक्ति ने रचा आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम

## ईसर-गवर की सजीव झांकी ने मोहा मन, परंपरा में दिखा संस्कारों का रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

महेश्वरी समाज में गणगौर की गोट का पारंपरिक उत्सव इस वर्ष माहेश्वरी भवन में अत्यंत श्रद्धा,उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस आयोजन में समाज की मातृशक्ति की सक्रिय भूमिका ने इसे विशेष और प्रेरणादायी बना दिया, जहां आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला।

- खेल, नृत्य और सामूहिक उत्सव से सजी शाम

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ईसर-गवर की आकर्षक एवं सजीव झांकी रही, जिसे अत्यंत कलात्मक रूप से सजाया गया था। झांकी ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और गनगौर पर्व की धार्मिक महत्ता को जीवंत कर दिया। पूरे आयोजन में पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इसके साथ ही विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों जैसे खेल प्रतियोगिताएं,सांस्कृतिक नृत्य और सामूहिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया,जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन स्थल पर उत्साह,ऊर्जा और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर बस्तर जिला चुनाव में सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित जगदलपुर के नए पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया,जिससे समाज में संगठनात्मक एकता और नेतृत्व के प्रति सम्मान का भाव प्रकट हुआ।






### परंपरा के साथ संगठन का संदेश

महेश्वरी समाज के इस आयोजन में महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी ने यह सिद्ध किया कि समाज की मातृशक्ति न केवल परंपराओं को सहेजने में अग्रणी है, बल्कि सामाजिक एकता को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अध्यक्ष, सचिव एवं महेश्वरी महिला मंडल की टीम के समन्वित प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गनगौर जैसे पारंपरिक पर्व के माध्यम से समाज ने नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का संदेश भी दिया।

## पुलिस जवानों का सम्मान वीरों ने साझा किया अनुभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

मानवता सामाजिक संस्था द्वारा 17 मार्च को स्थानीय आकांक्षा परिसर में एक गरिमामय समारोह का आयोजन कर उत्कृष्ट शौर्य, पराक्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए समर्पित पुलिस कर्मियों को "कर्मवीर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज और सुरक्षा बलों के बीच आपसी सम्मान और विश्वास की भावना स्पष्ट रूप से झलकी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात आभा सामदेकर ने मधुर गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। मंच संचालन श्री अभय सामदेकर द्वारा किया गया।

- सांस्कृतिक प्रस्तुति से सजा कार्यक्रम

समारोह में उपस्थित सभी वीर पुलिस कर्मियों का शाल,श्रीफल,मोमेंटो,प्रमाणपत्र एवं पुष्पों के साथ भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम ▶▶ शेष पेज 10 पर

# फ्लोरोसिस प्रभावित घोड़ागांव में हेल्थ कैंप एवं स्क्रीनिंग शिविर में ग्रामीणों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के फ्लोरोसिस प्रभावित ग्राम घोड़ागांव में एक दिवसीय हेल्थ चेकअप एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के निर्देशन तथा जिला नोडल अधिकारी डॉ. आर. सोनल ध्रुव और जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मितानिन कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जिला सलाहकार जोनाथन विनय द्वारा स्कूली बच्चों को फ्लोरोसिस के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान चिरायु दल द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। फ्लोरोसिस से प्रभावित बच्चों की स्क्रीनिंग के साथ अन्य बीमारियों से ग्रसित बच्चों को आवश्यक दवाइयां एवं नॉन–फ्लोराइड टूथपेस्ट वितरित किया गया। यह शिविर ग्रामीणों में फ्लोरोसिस के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

## ग्रामीणों को दी उपचार और बचाव की जानकारी



### मितानिनों ने की प्रभावितों की पहचान



मितानिन कार्यकर्ताओं द्वारा जमीनी स्तर पर फ्लोरोसिस से प्रभावित व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें उपचार हेतु अस्पताल तक लाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। शिक्षकों को बच्चों के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। वहीं पीएचई विभाग द्वारा प्रभावित जल स्रोतों के नमूने एकत्रित किए गए, ताकि समस्या के समाधान के लिए आगे आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## खबर संक्षेप



### वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर आत्मनिर्भर बनेंगे किसान

**कोण्डागांव।** जिले के सुदूर आदिवासी अंचल मर्दापाल गांव में दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग द्वारा आदिवासी उप योजना 2025–26 के अंतर्गत वैज्ञानिक सूकर पालन विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदाय की आजीविका को सुदृढ़ करना और उन्नत सूकर पालन के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि करना रहा। कोंडागांव जिले में परंपरागत रूप से किए जा रहे सूकर पालन को वैज्ञानिक तरीके से और अधिक लाभकारी बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में किसानों को वैज्ञानिक सूकर पालन, उन्नत नस्ल चयन, संतुलित आहार प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं विपणन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे वे अपने व्यवसाय को अधिक लाभकारी बना सकें। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के निदेशालय विस्तार शिक्षा द्वारा कुलपति डॉ. आर. आर. बी. सिंह के मार्गदर्शन एवं डॉ. एम. के. गेंडेले निदेशक विस्तार शिक्षा के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. एस. के. वर्मा, डॉ. के. आर. बघेल, डॉ. एन. कुम्भकार एवं डॉ. हितेश मिश्रा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती जयंती कश्यप, पंच श्रीमती संगीता कोराम, उपसरपंच भेलकु राम बघेल, पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण बेलसरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता समाप्त करने की उठी मांग



**कोण्डागांव।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि नगरीय प्रशासन के नए नियमों के तहत नगरपालिका निगम, नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में ठेला, गुमटी, कच्चे दुकान, तिपहिया वाहन, ऑटो रिक्शा, मिनी ट्रक, पिकअप, जीप आदि के माध्यम से व्यापार करने वाले सभी लोगों को लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। साथ ही सड़क की चौड़ाई और व्यवसायिक स्थल के आधार पर प्रतिवर्ष शुल्क निर्धारित किया गया है। नियम के अनुसार यदि कोई व्यापारी लाइसेंस नहीं लेता है, तो उसे व्यापार करने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। इस प्रावधान को लेकर छोटे से बड़े सभी व्यापारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि व्यापारी पहले से ही जीएसटी सहित विभिन्न करों का भार झेल रहे हैं और आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता उनके लिए अतिरिक्त आर्थिक और मानसिक दबाव उत्पन्न कर रही है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि नगरीय निकाय पहले से ही संपत्ति कर एवं अन्य कर वसूल रहे हैं, ऐसे में ट्रेड लाइसेंस को अनिवार्य करना तर्कसंगत नहीं है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने राज्यपाल से मांग की है कि व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस नियम पर पुनर्विचार किया जाए।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रें में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को अपने मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य



केन्द्रों में स्वच्छता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, नियमित निरीक्षण, टीकाकरण सुनिश्चित करने, आभा आईडी निर्माण में तेजी लाने तथा एनआरसी एवं एसएनसीयू के बेहतर संचालन के निर्देश भी दिए। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए।

### प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं जल जीवन मिशन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित

## जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने कार्य करने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प



- ग्राम पंचायत हसलनार में जल अर्पण एवं उत्सव पखवाड़ा
- जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर ग्रामीणों में बढ़ाई गई जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड कोंडागांव के ग्राम पंचायत हसलनार में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल अर्पण एवं जल उत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं, स्व सहायता समूहों और ग्राम जल स्वच्छता समिति की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जल संरक्षण, स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, ताकि वे अपने परिवार और समाज में जागरूकता फैला सकें। इस अवसर पर ग्राम जल स्वच्छता समिति, स्व सहायता समूह तथा जल वाहिनी से जुड़ी महिलाओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की रही मौजूदगी

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा रामचंद्र कश्यप, जनपद सदस्य रामनाथ नाग, पवन कुमार कोर्राम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपअभियंता अजय कुमार टोप्पो, सरपंच श्रीमती सत्यवती कश्यप, उपसरपंच नीलचंद बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी–कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जनदर्शन में मांगों व समस्याओं से संबंधित 40 आवेदन

### कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय–सीमा बैठक के बाद आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम बनियागांव के बुधराम नेताम सहित अन्य ग्रामीणों ने दल्ली राजहरा–रावघाट रेलवे लाइन से संबंधित जमीन मुआवजा की मांग रखी। वहीं ग्राम सलना निवासी आसुलाल यादव ने भारतमाला सड़क परियोजना के तहत अधिग्रहित जमीन के मुआवजे की मांग की, जिस पर संबंधित एसडीएम को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। कोण्डागांव के डोंगरीपारा क्षेत्र की महिलाओं ने पेयजल समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम आंवराभाटा के पुनीत राम नेताम ने पुराने आंगनबाड़ी भवन के स्थान पर नए भवन की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया, जिस पर जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सीसी रोड निर्माण, अतिक्रमण हटाने, राशन कार्ड सहित विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई एवं अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## मांदरी नृत्य दल करेगा भारत ट्राइब फेस्ट-2026 में छग का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले का लिंगो घोटुल मांदरी नृत्य दल अब राष्ट्रीय मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करेगा। यह दल नई दिल्ली में आयोजित भारत ट्राइब फेस्ट–2026 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा।

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर अंबिकापुर में आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव में इस दल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धि के लिए दल को देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों सम्मानित किया गया, जो जिले के लिए गर्व का विषय था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग रुपेन्द्र तिवारी के अनुसार, भारत ट्राइब फेस्ट का आयोजन 18 मार्च से 21 मार्च तक सुंदर नर्सरी, नई दिल्ली में किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित 7 राज्यों के कलाकार अपनी जनजातीय कला का प्रदर्शन करेंगे। इस राष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व जिले के ग्राम राहटीपारा बालेंगा के मांदरी नृत्य दल द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि कलाकार अपनी प्रस्तुति से बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति को देशभर में नई पहचान दिलाएंगे।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण लगाया जाएगा शिविर आज व कल

**कोण्डागांव।** राज्य शासन की मंशानुरूप ग्रामीणों की मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा दो दिवसीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार 19 मार्च को सुबह 10 बजे से माकड़ी विकासखंड के ग्राम बड़ेसोंहगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में 20 मार्च को सुबह 10 बजे से फरसगांव विकासखंड के ग्राम जामगांव में भी जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जाएगा। दोनों शिविरों में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करेंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

## ई-चालान जमा करने के लिए ओटीसी सुविधा 1 अप्रैल से होगी लागू

**कोण्डागांव।** जिला कोषालय अधिकारी ने जानकारी दी है कि भौतिक चालानों की व्यवस्था समाप्त कर अब ई–चालान को बढ़ावा देने के लिए ओटीसी सुविधा 1 अप्रैल 2026 से लागू की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत सभी चालान अब केवल ऑनलाइन माध्यम से जमा किए जाएंगे। इस संबंध में जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को चालान जमाकर्ताओं को ई–चालान प्रक्रिया से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। ओटीसी सुविधा के अंतर्गत ई–चालान पोर्टल पर चालान भरते समय उसका डेटा सीधे बैंक को ऑनलाइन ट्रांसफर हो जाएगा, जिससे बैंक स्तर पर दोबारा डेटा प्रविष्टि की आवश्यकता नहीं रहेगी। बैंक काउंटर पर केवल ऑनलाइन जनरेटेड चालान, जिसमें ट्रेजरी रेफरेंस नंबर दर्ज होगा, के माध्यम से राशि जमा की जाएगी। इसके बाद बैंक द्वारा यह जानकारी एमआईएस के माध्यम से कोषालय में ऑनलाइन प्रस्तुत की जाएगी। इस नई व्यवस्था से डेटा प्रविष्टि में होने वाली त्रुटियों में कमी आएगी और लेखांकन प्रक्रिया अधिक सटीक एवं पारदर्शी बनेगी। ई–चालान पोर्टल के "सर्च चालान" विकल्प के माध्यम से जमाकर्ता आसानी से चालान का प्रिंट निकाल सकेंगे। यह पहले भौतिक चालान में संभव नहीं था।

## कर्मचारी- अधिकारियों की लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**केशकाल।** कर्मचारी- अधिकारियों की 11 मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पर एसडीएम को आज ज्ञापन सौंपा गया है। संगठन ने कर्मचारियों अधिकारियों की लंबित मांगों जिसमें लंबित डीए की एरियर्स राशि समायोजित किया जाए, चार स्तरीय पद्दोन्नत समय मान अवकाश वेतनमान, अर्जित नगदीकरण 240 के स्थान पर 300 दिन किये जाने, सहायक शिक्षक लिपिक, स्वास्थ्य विभाग महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्ग के वेतन विसंगति को दूर करने, शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना कर लाभ प्रदान करना, सहायक शिक्षकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय वेतन मान देना. निशर्त अनुकंपा नियुक्ति। पंचायत सचिवों के नियमितिकरण सहित ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर फिर से मुखर अपनी मांगे मनवाने अनुभाग मुख्यालय केशकाल में सह संयोजक लोकेश गायकवाड़ व विकास खंड संयोजक श्याम लाल कोर्राम के नेतृत्व में ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी आंकाच्छा नायक को सौंपा है। जिसे उन्होंने स्वीकार कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रेषित करने की बात कही। इस अवसर पर लोकेश गायकवाड़ ज़िला अध्यक्ष शिक्षक प्रदेश फ़ेडरेशन, ज़िला कोंडागांव, नीलम मेश्राम अध्यक्ष, सहायक शिक्षक फेडरेशन केशकाल, बलराम नाग बी आर. सी, प्रवक्ता-शोएब अली, सचिव अमित मंडावी, सुरेश मरकाम आदि उपस्थित रहे।

### आईएफसी क्लस्टर पर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# महिला किसानों की आय बढ़ाने व 'लखपति दीदी' बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत इंटिग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर आई.एफ.सी. से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार जिला मिशन प्रबंधक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

बैठक में जिले के चयनित आईएफसी क्लस्टर के कार्यों की समीक्षा करते हुए आय–व्यय का ब्यौरा लिया गया। साथ ही 61 चयनित गांवों में प्रत्येक गांव से 50 महिला किसानों को मुर्गी पालन, सब्जी उत्पादन और मक्का उत्पादन से जोड़कर उनकी आजीविका बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जिले में उड़ान महिला कृषक उत्पादक कम्पनी चिखलपुटी के अंतर्गत कोंडागांव, फरसगांव और माकड़ी विकासखंड की महिला किसान कार्यरत हैं। वहीं मांझीनगढ़ महिला कृषक उत्पादक कम्पनी विश्रामपुरी के अंतर्गत बड़ेराजपुर और केशकाल के महिला किसान एवं समूह कार्य कर रहे हैं। बैठक में सभी आईएफसी एंकर को निर्देशित किया गया कि वे कंपनी के सीईओ के साथ मिलकर बीज, खाद, कृषि उपकरण तथा पशुपालन से संबंधित संसाधनों चूजे, गाय, बकरी, सूकर आदि के लिए मांग आधारित कार्ययोजना तैयार करें और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करें। चयनित महिला किसानों की आजीविका गतिविधियों को तेज करते हुए उनकी आय में वृद्धि कर उन्हें 'लखपति दीदी' बनाने के लक्ष्य पर विशेष जोर दिया गया। सभी महिला संकुल संगठनों के अध्यक्षों को कैडर के कार्यो् की नियमित समीक्षा करने और उन्हें समय पर मानदेय प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

### अधिकारी एवं प्रतिनिधि रहे उपस्थित

बैठक में विकासखंड परियोजना प्रबंधक, नोडल क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी, आईएफसी क्लस्टर के अध्यक्ष, लेखापाल, एंकर, महिला —षक उत्पादक कंपनियों के सीईओ सहित मिशन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### नवरात्री पर 3 अमेरिका....

जलाते हैं। जिला प्रशासन और मंदिर समिति ने विदेशी भक्तों सहित सभी आगंतुकों के लिए सुरक्षा और पूजा की व्यापक व्यवस्था की है, ताकि नवरात्र का पर्व सुचारू रूप से मनाया जा सके। हालांकि शहर के दंतेश्वरी मंदिर में तेल के 1300 एवं घी के 200 जोत के लिए बुकिंग किया गया है। चैत्र नवरात्र को लेकर बस्तर में जोर-शोर से तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। चैत्र नवरात्र को भव्य रूप से मनाने के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इसको देखते हुए टेंपल कमेटी ने इस वर्ष जगदलपुर के ऐतिहासिक दंतेश्वरी मंदिर में लगभग 3 हजार मनोकामना की ज्योत प्रज्ज्वलित करने की संभावना जताई है। श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा टेंपल कमेटी द्वारा दी जा रही है। कलश स्थापना को लेकर श्रद्धालु ऑनलाइन बुकिंग करा रहे हैं। बस्तर के साथ देश के दूसरे राज्यों और विदेशी भक्त भी ऑनलाइन बुकिंग करा रहे हैं। श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए मंदिर के गेट के पास काउंटर बनाया गया है। पिछले कुछ दिनों से खाद्य सामग्रियों के साथ ही अन्य वस्तुओं के दामों में बढ़ोतरी हो रही है। टेंपल कमेटी ने ज्योति कलश के शुल्क में मामूली बढ़ोतरी की है। इस साल तेल के ज्योति कलश के लिए 751 रुपए और घी के लिए 1751 रुपए ले रहे हैं।

### निगम की सामान्य ...

जब महापौर ने स्पष्ट किया कि संबंधित भूखंड निगम की संपत्ति नहीं है, केवल अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है। इस पर नेता प्रतिपक्ष खुद ही सत्तापक्ष के जवाबों में घिरते नजर आए। महापौर ने उन्हें इस मुद्दे पर राजनीति न करने की सलाह दी। साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्षद जस्टिन भवानी ने अपने वार्ड में नियमित सफाई और कचरा संग्रहण न होने का मुद्दा उठाया, जिस पर भी सदन में चर्चा हुई। सामान्य सभा के दौरान दर्शक दीर्घा में यह चर्चा रही कि सत्तापक्ष के एक पार्षद ने जिस तरह अपनी ही सरकार के खिलाफ सवाल उठाए, उनकी तुलना विधानसभा सदस्य एक पूर्व मंत्री से की जाने लगी। उन्होंने पार्टी की नीति और अनुशासन का हवाला देते हुए महापौर तक को कठघरे में खड़ा किया। इस दौरान एक वरिष्ठ सदस्य को बीच में हस्तक्षेप कर स्थिति स्पष्ट करनी पड़ी।

"ऐसा मशीन ही क्यों खरीदा गया,जिसका उपयोग न हो?" : सदन में उस समय सन्नाटा छा गया जब सत्तापक्ष पार्षद आलोक अवस्थी ने दलपत सागर की सफाई के लिए खरीदी गई बीड हार्वेस्टिंग मशीन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि करोड़ों खर्च के बावजूद जलकुंभी की समस्या जस की तस है। इस पर स्वच्छता सभापति लक्ष्मण झा ने तकनीकी खराबियों का हवाला देते हुए जवाब दिया, लेकिन अवस्थी संतुष्ट नहीं हुए और दोबारा सवाल उठाए। अंततः महापौर को हस्तक्षेप कर मामला शांत कराना पड़ा।

विपक्ष पर पलटवार"भ्रष्टाचार था तो तब क्यों चुप थे?" : बीड हार्वेस्टर मशीन में भ्रष्टाचार के आरोपों पर सत्तापक्ष ने विपक्ष को घेरते हुए सवाल उठाया कि जब कांग्रेस सत्ता में थी और नेता प्रतिपक्ष उस समय जिम्मेदार पद पर थे, तब उन्होंने आवाज क्यों नहीं उठाई। इस सवाल ने सदन में राजनीतिक माहौल को और गरमा दिया और बहस का स्तर और तीखा हो गया।

### 833 कर्मियों के ...

कि जैसे आत्मसमर्पित माओवादियों के पुनर्वास के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई हैं,उसी तर्ज पर इन शिक्षा कर्मियों के लिए भी 'सुरक्षित पुनर्वास एवं स्थायी समायोजन' की नीति बनाई जाए। उन्होंने सभी 833 कर्मचारियों के शिक्षा विभाग में स्थायी संविलियन की मांग रखते हुए कहा कि इनका स्थानीय अनुभव शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

शिक्षा के प्रहरी मांग रहे अपना अधिकारः बस्तर के पोटाकेबिन विद्यालयों में कार्यरत 833 अनुदेशक और भृत्य कर्मचारी वर्षों से विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा की अलख जगा रहे हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में जान जोखिम में डालकर सेवाएं देने वाले इन कर्मियों ने शिक्षा व्यवस्था को जीवित रखा,लेकिन आज भी उनका भविष्य अस्थिर बना हुआ है। सांसद द्वारा दिल्ली में उठाई गई यह मांग केवल नौकरी का मुद्दा नहीं, बल्कि उन परिवारों की सुरक्षा,सम्मान और स्थायित्व का प्रश्न है जो वर्षों से इस व्यवस्था पर निर्भर हैं। यदि समय रहते ठोस नीति बनाकर इनका संविलियन और पुनर्वास सुनिश्चित नहीं किया गया,तो यह न केवल इन कर्मियों के साथ अन्याय होगा, बल्कि बस्तर की शिक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

### प्रशिक्षण से मजबूत होगा ....

हेमराज कश्यप,रामानंद मिश्रा,मनीराम कश्यप, प्रेमनाथ पाणिग्रही,व्हीएस राजपूत,उदबोराम नाग,लक्ष्मण कश्यप,चमरु यादव, सन्तो राम कश्यप,मोहन मौर्य सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस जवानों का...

में उपस्थित पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने सेवा अनुभव साझा करते हुए कर्तव्य के दौरान आने वाली चुनौतियों और समाज के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन में बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्राप्त हुई। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा रश्मि शुक्ल द्वारा समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया,वहीं प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण अवधेश शुक्ल ने किया। अनिल कन्नौजे प्रधान आरक्षक,राजेश कुमार कश्यप आरक्षक, अब्दुल समीर निरीक्षक,अरुण कुमार सिन्हा उपनिरीक्षक का सम्मान किया गया।

सम्मान से बढ़ा हौसला : मानवता सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में पुलिस कर्मियों के प्रति आभार और सम्मान का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। संस्था के वरिष्ठ सदस्यों बीएसआर नायडू, सुकुमार ठाकुर, मदन आचार्य, अवधेश शुक्ल, जगजीत सिंह संधु,विकास बरड़िया एवं अशोक जैन सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डॉ. ज्योति लागू, संजय त्रिवेदी, करमजीत कौर, अफजल अली सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल कर्मवीरों का सम्मान था, बल्कि समाज और पुलिस के बीच मजबूत रिश्ते का प्रतीक भी बना।

### छात्रवृत्ति के लिए ...

माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आमंत्रित किया गया है। संयुक्त संचालक शिक्षा एच आर सोम ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी से उचित पहल करने को कहा है। राज्य के सभी जिलों के विकासखण्डों में आयोजित होने वाली परीक्षा केन्द्रो एवं पात्रता के संबंध में विस्तृत सूचना प्रसारित किया गया है। उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को हो, इसके लिए अंतिम तिथि- 20 मार्च है। बस्तर संभाग के समस्त प्रधान पाठकों माध्यमिक शाला को अपने-अपने विद्यालयों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों से जल्द से जल्द आवेदन पत्र जमा करवाने को कहा है, जिसकी परीक्षा तिथि 2 मई है।

## खबर संक्षेप

### 1 अप्रैल से पूरी तरह डिजिटल होगी चालान प्रक्रिया

**बीजापुर**। जिले में अब राजस्व एवं अन्य शासकीय शुल्क जमा करने की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होने जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से सभी चालान केवल ई-कोष पोर्टल के ई-चालान मॉड्यूल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि ओटीसी (ओवर द काउंटर) चालान भी अब ऑनलाइन जनरेट किए गए ई-चालान के आधार पर ही जमा किए जाएं। इसके साथ ही मैन्युअल या भौतिक चालान की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी जाएगी।

### अवकाश में भी खुलेंगे पंजीयन कार्यालय

**दंतेवाड़ा**। राज्य के आम नागरिकों को पंजीयन संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।



इस महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी निर्णय पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा की वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिनों में पंजीयन कार्यों के सुचारू एवं समयबद्ध निष्पादन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी पंजीयन स्टाम्प दस्तावेज कार्यालय चयनित अवकाश दिवसों में भी संचालित किए जाएंगे। जारी निर्देशों के अनुसार, प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालय 22, 28 , 29 तथा 31 मार्च को भी सामान्य कार्यदिवसों की तरह खुले रहेंगे। इन तिथियों में दस्तावेजों के पंजीयन सहित अन्य सभी संबंधित सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोहंडीगुड़ा की नई कार्यकारिणी घोषित

**लोहंडीगुड़ा**। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोहंडीगुड़ा द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ एवं जिला कांग्रेस कमेटी बस्तर के मार्गदर्शन में अनुमोदित की गई है। नई कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष पद पर केदार सिंह टेक की नियुक्ति की गई है। वहीं उपाध्यक्ष, महामंत्री और सचिव पदों पर भी कई कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है, जो संगठन को मजबूती देने का कार्य करेंगे। महामंत्री पद पर सुरेश नायक, पदम मौर्य, रोहित जोशी सहित अन्य नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। सचिव पद पर गजेंद्र सिंह ठाकुर, बोमड़ा मंडावी, विद्याधर नाग सहित कई कार्यकर्ताओं को स्थान मिला है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भी कई वरिष्ठ एवं युवा महिलाओं को भी कार्यकारणी में जगह दिया गया है एवं कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है, जिससे संगठन में संतुलन और मजबूती बनी रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ललित पाण्डे ने बताया कि नई कार्यकारिणी का उद्देश नई टीम संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करेगी और आगामी चुनावों में अहम भूमिका निभाएगी।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में नन्हे परिंदे के 42 विद्यार्थियों ने हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

## जिले के लिए एक बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि



जिले के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि नवोदय विद्यालय समिति द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित जवाहर नवोदय चयन पूर्व प्रशिक्षण केंद्र नन्हे परिंदे पातरास, दंतेवाड़ा के 42 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है। इसके अलावा करीब 20 विद्यार्थी प्रतीक्षा सूची में भी शामिल हैं, जिनके चयनित होने की प्रबल संभावना है। यह उपलब्धि जिले के लिए एक बड़ी शैक्षणिक सफलता के रूप में सामने आई है। उल्लेखनीय है कि नन्हे परिंदे प्रशिक्षण केंद्र दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने की अभिनव पहल है। यहां विद्यार्थियों को विषयगत अध्ययन, मॉडल टेस्ट, नियमित अभ्यास और व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया जाता है, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। इस सफलता के लिए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा के मार्गदर्शन और प्राथमिकता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा द्वारा लगातार मॉनिटरिंग, अकादमिक समीक्षा और फीडबैक के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता को मजबूत किया गया।

उल्लेखनीय है कि नन्हे परिंदे केंद्र ने पिछले वर्षों में भी लगातार बेहतर परिणाम दिए हैं और यह पहल जिले में एक सफल शैक्षणिक मॉडल के रूप में स्थापित हो चुकी है। चयनित विद्यार्थियों की संख्या में हर वर्ष हो रही वृद्धि शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे योजनाबद्ध प्रयासों को दर्शाती है। इस उपलब्धि में प्रशिक्षण केंद्र के समर्पित शिक्षकों, सहयोगी स्टाफ, अभिभावकों और विद्यार्थियों की मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिला प्रशासन और समग्र शिक्षा विभाग ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों के भी शीघ्र चयन की उम्मीद जताई गई है। यह सफलता दंतेवाड़ा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलाव, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण प्रयासों का सशक्त उदाहरण है, जो आने वाले समय मं और अधिक बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करेगा।

## संयुक्त टीम की घेराबंदी में 6 से अधिक आरोपी गिरफ्तार

# बाघ-तेंदुए की खाल के साथ बड़े शिकार गिरोह का भंडाफोड़

## वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई, जेल भेजे गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी रंगनाधा रामाकृष्णा वाय के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा जिले में वन्यजीव अपराध के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए बाघ एवं तेंदुए की खाल के साथ सक्रिय एक संगठित शिकार गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। 17 मार्च को दंतेवाड़ा से बालूद मार्ग पर दो आरोपियों को बाघ की खाल के साथ पकड़ा गया। सघन पूछताछ के दौरान गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी मिली, जिसके आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया तथा बाघ एवं तेंदुए की खाल बरामद की गई।

- **दंतेवाड़ा में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई केशापुर सहित कई स्थानों पर छापेमारी**

16 मार्च की मध्य रात्रि में मुखबिर की सूचना पर वनमंडल दंतेवाड़ा, वनमंडल बीजापुर, इंद्रावती टाइगर रिजर्व, राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल एवं वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में मुख्य आरोपी लक्ष्मण तेलाम (51 ) सहित देवीराम ओयाम (58), रमेश कुड़ियाम (24), फरसोन पोयामी (27), सेमला रमेश (24), सुखराम पोडियाम (21) एवं अन्य आरोपियों के नाम सामने आए, जिन्हें गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों की निशानदेही पर वन विभाग की विशेष टीम द्वारा ग्राम केशापुर में छापेमारी कर एक और तेंदुए की खाल बरामद की गई। इस कार्रवाई में शामिल अन्य आरोपी मासो ओयाम (50) एवं अर्जुन भोगामी (42) को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। वनमंडलाधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए बाघ एवं तेंदुआ अनुसूची-1 के अंतर्गत संरक्षित वन्यजीव हैं।

सभी आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39(1)(घ), 3(क)(ख)(ग), 48 एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत प्रकरण क्रमांक 15452/25 दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की गई है।

### अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा : डीएफओ

वनमण्डलाधिकारी रंगनाधा रामाकृष्णा वाय ने स्पष्ट कहा कि वन्यजीवों के अवैध शिकार एवं तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि वन एवं पर्यावरण से जुड़े किसी भी प्रकार के अपराधों के विरुद्ध वन विभाग पूरी सख्ती और तत्परता के साथ कार्रवाई कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। ऐसे मामलों में दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि वन्यजीव संरक्षण को और अधिक मजबूत किया जा सके तथा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

## बस्तर में गुड़ी पड़वा पर माटी देव पर्व की धूम

# ग्रामीणों ने निभाई सदियों पुरानी परंपरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आज गुड़ी पड़वा के अवसर पर पारंपरिक माटी देव माटी देवता पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। ग्राम गुचागुड़ा सहित आसपास के गांवों में युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर इस परंपरा को जीवंत रखा।

- **राहगीरों को रोका गया और उनसे माटी मान लिया गया**

इस दौरान गांव के मुख्य मार्गों एवं नेशनल हाईवे पर ग्रामीणों द्वारा रस्सी, पेड़ के डंगाल लगाकर राहगीरों को रोका गया और उनसे माटी मान लिया गया। राहगीरों ने भी खुशी-खुशी अपनी स्वेच्छा से 5, 10 सहित अन्य सामग्री देकर इस परंपरा में भागीदारी निभाई। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसमें माटी देव की पूजा कर ग्राम की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाती है। इस अवसर पर पूरे गांव के लोग एक स्थान पर एकत्रित होकर पूजा-अर्चना करते हैं और प्रसाद के रूप में सामूहिक भोजन तैयार कर ग्रहण करते हैं।

ग्राम गुचागुड़ा में भी आज इसी परंपरा के तहत युवाओं ने उत्साहपूर्वक आयोजन किया। नेशनल हाईवे पर वाहन चालकों को रोककर माटी मान लेने के दौरान कहीं भी विवाद की स्थिति नहीं बनी, बल्कि आपसी सहयोग और खुशी का माहौल देखने को मिला। इस आयोजन ने बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं को एक बार फिर जीवंत कर दिया, जिसमें नई पीढ़ी भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही है।

# कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा व उद्देश्य से प्रेरित करते सक्रिय भूमिका निभाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारतीय जनता पार्टी द्वारा गीदम मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात वंदे मातरम गीत के साथ प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा एवं उद्देश्य से प्रेरित करते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न विषयों पर अनुभवी वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रथम सत्र वैचारिक अधिष्ठान वक्ता राजमन बघेल ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद तथा संगठन की मूल अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

द्वितीय सत्र में वक्ता कमला नाग ने पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की संगठनात्मक यात्रा एवं विकास पर विस्तृत जानकारी दी। तृतीय सत्र में वक्ता अभिमन्यु सोनी ने संगठन विस्तार, समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। चतुर्थ सत्र में वक्ता रामू नेताम ने संगठन की कार्यशैली, अनुशासन, टीमवर्क एवं संगठनात्मक ढांचे के अनुरूप कार्य करने के महत्व को बताया। पंचम सत्र में वक्ता नंदलाल मुड़ामी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी साझा की।

षष्ठम सत्र में वक्ता राजेंद्र सिंह ठाकुर ने डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग, सोशल मीडिया की भूमिका तथा संगठनात्मक कार्यों में तकनीक के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। सप्तम एवं अंतिम सत्र में वक्ता राजेश कश्यप ने चुनावी दृष्टि से बूथ स्तर को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा बूथ संगठन की रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला महामंत्री सत्यजीत सिंह चौहान, जिला महामंत्री मुन्ना लाल मरकाम सहित जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग का समापन राष्ट्रगान के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने लंबित मांगों पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर विकासखंड में कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक शैलेंद्र तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार बस्तर जॉली जेम्स को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

- **ब्लॉक संयोजक के नेतृत्व में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

ज्ञापन में प्रदेश के शासकीय सेवकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। इसमें देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं एरियर्स का भुगतान, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करना, वेतन विसंगतियों का निराकरण, अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का त्वरित निपटारा, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण तथा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इन मांगों को लेकर पूर्व में भी शासन-प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। ज्ञापन सौंपते समय प्रशासन से सकारात्मक पहल की अपेक्षा व्यक्त की गई, ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द समाधान हो सके।

इस अवसर पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के विकासखंड संयोजक शैलेंद्र तिवारी, सचिव योगेश हरदाहे, कैलाश जैन, टीपी जोशी दुर्गाशंकर तिवारी, विष्णु यादव, सुमित्रा ध्रुव, कृष्ण कुमार बघेल, हीरालाल यादव, सुनीता रामटेके, सावित्री बघेल, सौरभ कुजूर, अजय कुमार नाग, कृष्णा ठाकुर, श्रीराम बघेल, लक्ष्मीनाथ भारती, धनेश्वर ठाकुर, बैद्यनाथ कश्यप, रामेश्वरी साहू, बुधियारिन भारती, अनीता ध्रुव, अमित कुंडू, वंदना नाग, कल्पना चौधरी, रयमती नाग जगदीश देहारी, कुंती कुंजाम, पद्मा कश्यप, डीलेश बघेल, नरेश कश्यप, ज्योति साहू, चमरूराम बघेल, पीलूराम नाग, सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# गागरा राम बने अनुसूचित जनजाति के जिला उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, जहां अनुसूचित जनजाति जिला उपाध्यक्ष बनने पर नवनियुक्त गागरा राम नाग को स्थानीय निवासियों और समर्थकों द्वारा बधाई और शुभकामनायें दी जा रही हैं। इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्ति से स्थानीय आदिवासियों के विकास और उनके संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण की उम्मीदें बढ़ गई हैं, जो एक सामाजिक व विकासमूलक दृष्टिकोण को दर्शाता है। गागरा राम नाग वर्तमान में दरभा जनपद क्षेत्र क्रमांक 5 से जनपद सदस्य हैं, इसके साथ ही धुरवा समाज के संरक्षक भी हैं। स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मिलकर व मोबाईल के माध्यम से अपनी प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं। उम्मीदें और विश्वास जताया जा रहा है कि नया नेतृत्व जनजाति समुदायों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएगा और उनके उत्थान शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा के लिए काम करेगा। नवनियुक्त पदाधिकारी से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने की अपेक्षा की जा रही है। यह नियुक्ति क्षेत्र के लिए एक नई उम्मीद और जनजाति समुदाय के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# एसबीआई फाउंडेशन की अधिकारी का बीजापुर में जमीनी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



वार्षिक मूल्यांकन के तहत एसबीआई फाउंडेशन की सहायक प्रबंधक ईशा अग्रवाल ने एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट के बीजापुर क्लस्टर का महत्वपूर्ण दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संतोषपुर एवं गोरना ग्रामों में फील्ड विजिट कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं गतिविधियों का गहन निरीक्षण किया। दौरे के दौरान सुश्री अग्रवाल ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन किया। केस स्टडी से जुड़े लाभार्थियों द्वारा दिए गए सकारात्मक फीडबैक ने इस पहल की उपयोगिता और प्रभावशीलता को स्पष्ट रूप से दर्शाया। ग्राम गोरना में शिखर युवा मंच के सहयोग से विशेष मलेरिया रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए सामुदायिक भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से मच्छरदानी के नियमित उपयोग, स्वच्छता बनाए रखने और बुखार को नजरअंदाज न करने की अपील की। सुश्री ईशा अग्रवाल ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि जागरूकता और रोकथाम पर भी समान रूप से केंद्रित है। उन्होंने समय पर जांच, पूर्ण दवा सेवन और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के महत्व पर विशेष जोर दिया। ग्राम सरपंच कमला कोरसा ने भी ग्रामीणों को मलेरिया के खिलाफ सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान देने तथा मच्छरदानी के नियमित उपयोग की आवश्यकता बताई।

### बस्तर सीएचसी में 20 को होगा दिव्यांगजन शिविर

**बस्तर**। जिला प्रशासन बस्तर द्वारा दिव्यांगजनों की सुविधा और उनके सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर आकाश छिकारा के कुशल मार्गदर्शन में 20 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी बस्तर में विकासखंड स्तरीय 'दिव्यांगजन शिविर' का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के आपसी समन्वय और सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों का परीक्षण, उपचार और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

### सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को राशि स्वीकृत

**बीजापुर**। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर आदेश में निहित प्रावधानों के अंतर्गत वाहन दुर्घटना में मृतिका साक्षी नक्का का मृत्यु होने के फलस्वरूप मृतक के पिता आवेदक जितेन्द्र नक्का को छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार 25 हजार रूपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### 10 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर**। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुनर्वास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिको के मृत्यु के 2 प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को कुल 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तेज हवाओं से जंफर कटने से बंद रही बिजली



जगदलपुर। शहर के धरमपुरा जोन में तेज हवाओं के चलते विद्युत लाईन का जंफर कटने के चलते मंगलवार की रात को एक घंटे तक बिजली बंद रही, इससे उपभोक्ता परेशान रहे। वहीं दूसरी ओर सूचना मिलते कर्मचारी सहायक अभियंता एसआर भद्रे एवं कनिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में जुटे रहे।

### कलेक्टर के हाथों सम्मानित हुए शिक्षक उमाशंकर



जगदलपुर। विकास खंड बस्तर अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला ओंडारकोट में कार्यरत शिक्षक उमाशंकर साहू कलेक्टर के हाथों सम्मानित हुए। यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग बस्तर एवं ओपन लिंक्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा में सहयोग नवाचार की शक्ति को दर्शाते हुए बस्तर में एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के 20 समर्पित शिक्षकों को बोलेगा बचपन कार्यक्रम के अंतर्गत उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन एवं सहायक कलेक्टर विपिन दुबे के हाथों प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में अभिनव शिक्षण पद्धतियों को अपनाते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल एवं जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# बस्तर की जयंती कश्यप के नेतृत्व में बदल रही गांव की तस्वीर

## राजधानी दिल्ली में आयोजित समारोह में हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के विकासखंड जगदलपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत आड़ावाल की सरपंच जयंती कश्यप आज ग्रामीण नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों, स्वच्छता जागरूकता और सामाजिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। गत 11 मार्च को सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत यूनिसेफ द्वारा उन्हें दिल्ली आमंत्रित किया गया, जहां केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने मंत्रालय में उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के 12 सरपंच उपस्थित थे, लेकिन बस्तर की जमीनी स्तर पर सक्रिय और कर्मठ नेतृत्व के लिए जयंती कश्यप को विशेष रूप से सराहा गया।

जयंती कश्यप ने अपने गांव में विकास की नई दिशा तय की है। वे पेयजल प्रबंधन, स्वच्छता और साफ-सफाई को प्राथमिकता देते हुए काम कर रही हैं। इसके साथ ही निर्धन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने और जरूरतमंद लोगों को सामाजिक सहायता योजनाओं से जोड़ने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

जल संरक्षण के क्षेत्र में भी उनके प्रयास उल्लेखनीय हैं। "पानी बचाओ" अभियान के तहत वे ग्रामीणों को जल के समुचित उपयोग के लिए प्रेरित कर रही हैं। घरों के वेस्ट पानी का उपयोग किचन गार्डन में करना, वर्षा जल संचयन के लिए तालाब और डबरी निर्माण तथा भूजल स्तर बढ़ाने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सोखता गड्ढा बनाने जैसे कार्यों को वे गांव-गांव तक पहुंचा रही हैं।



### जल संरक्षण सुरक्षित भविष्य की नींव है

जयंती कश्यप का मानना है कि जल संरक्षण केवल आज की जरूरत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव है। उनके नेतृत्व में गांव के लोग न सिर्फ जागरूक हो रहे हैं, बल्कि सक्रिय भागीदारी भी निभा रहे हैं। आज जयंती कश्यप की यह उपलब्धि न केवल उनके गांव, बल्कि पूरे बस्तर के लिए गर्व का विषय है। उनका समर्पण और कार्यशैली यह दर्शाती है कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो, तो सीमित संसाधनों में भी बड़ा परिवर्तन संभव है। पंचायत पदाधिकारी जयंती कश्यप जैसी सशक्त पंचायत नेत्रियां ग्रामीण भारत के विकास की असली ताकत हैं, जो अपने प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव की नई कहानी लिख रही हैं।

## नक्सल प्रभावित चिंतागुफा के मुर्कराजकोण्डा में कई गांव के लोग हुए शामिल

# सीआरपीएफ ने लगाया स्वास्थ्य शिविर उपचार के लिए उमड़े सैकडों लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनता के बीच विश्वास और सहयोग के रिश्ते को गहरा करने के उद्देश्य से सुरक्षाबलों द्वारा नक्सल प्रभावित मुर्कराजकोण्डा में नागरिक सहायता व मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर का लाभ सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया और स्वास्थ्य जांच करवाकर मुफ्त में दवाईयां ली।

■ सुरक्षा बलों और जनता के बीच विश्वास और सहयोग के रिश्ते को गहरा करना शिविर का उद्देश्य



छग सेक्टर के आईजी श्री शालीन के मार्गदर्शन व डीआईजी कोण्टा रेंज राजेश पाण्डे के निर्देश में सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के ग्राम मुर्कराजकोण्डा में सीआरपीएफ ने सेवा और समर्पण की नई पहल करते हुए नागरिक सहायता व निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया था जो कमांडेंट कमलेश कुमार सेकंड बटालियन सीआरपीएफ के नेतृत्व में आयोजित किया गया था।

इस शिविर में दुलेर ग्राम पंचायत के ग्राम मुर्कराजकोण्डा के अलावा यादवपारा, पोकरीपारा, पटेलपारा, वंजमपारा, एवं पोटेमांगु के लगभग 5 सौ ग्रामीणों और बच्चे मौजूद थे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बलों और स्थानीय जनता के बीच विश्वास और सहयोग के रिश्ते को ओर गहरा करना था। कमाण्डेंट ने कहा कि सीआरपीएफ का प्रयास है कि क्षेत्र के ग्रामीण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक हों और विकास की मुख्यधारा से जुड़ें। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सैकड़ों ग्रामीणों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण कर लोगों को



सेहत के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितेश नानाजी परचके, समवाय अधिकारी राजवीर राय, एएसआई फार्मा अजय कुमार एवं अन्य अधिनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को दिए जरूरत के सामान

कार्यक्रम के दौरान कमलेश कुमार कमांडेंट द्वितीय वाहिनी ने ग्रामीणों को उनके दैनिक जीवन में काम आने वाली जरूरी सामानों का वितरण किया गया। ग्रामीणों में दैनिक उपयोगी समान स्टील मटका, एल्युमिनियम के बगौने, पतीले और रात की रोशनी के लिए सोलर लालटेन व सोलर स्ट्रीट लाइट, महिलाओं को साड़ी, कम्बल एवं बच्चों को स्कूली सामान किताब, पेन यूनिफार्म जूते, स्कूल बैग एवं युवाओं को खेल की समाग्री किकेट किट, वॉलीबाल व नेट तथा किसानो की खेती मे बढ़ावा देने के लिए वर्मी कम्पोष्ड खाद् एवं मूग उड़द अरहर, धान के बीज वितरित किया गया।

### सुरक्षा ही नहीं हम विकास के लिए भी वचनबद्ध

कमांडेंट सेकंड बटालियन सीआरपीएफ कमलेश कुमार ने कहा कि सीआरपीएफ केवल आपकी सुरक्षा ही नहीं बल्कि आपके सर्वांगीण विकास के लिए भी वचनबद्ध है। आपकी जो भी समस्याएं हैं उन्हें बेझिझक हमसे साझा करें ताकि हम जिला प्रशासन के माध्यम से उनका समाधान करा सकें। हमारी इच्छा है कि यहां के बच्चे खूब पढ़ें खेलें और सरकारी नौकरियों में जाकर देश का नाम रोशन करें।

# कांगेरघाटी से छत्तीसगढ़ को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर मिलेगी एक नई पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के सौजन्य से देश के विभिन्न राज्यों से आए टूर आपरेटर्स और ट्रैवल एजेंट को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण और सफारी करवाया गया। उन्होंने कुटुमसर गुफा, तीरथगढ़, मांझीपाल और धुड़मारास जैसे पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। जिसमें उन्होंने कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में इको पर्यटन के मॉडल को समझा और इसकी सराहना की। पर्यटन के लिहाज से भी कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान बेहद महत्वपूर्ण है। यहां की कुटुम्बसर, कैलाश और डंडक गुफाएं भू-वैज्ञानिक संरचनाओं के लिए प्रसिद्ध हैं, जबकि तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर धारा और भैंसा दरहा जैसे स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यह क्षेत्र न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है बल्कि संरक्षण और अनुसंधान के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सूची में अंतिम रूप से स्थान मिल जाता है, तो इससे क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और संरक्षण के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही यह छत्तीसगढ़ को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगा।

■ टूर आपरेटर्स व ट्रैवल एजेंट ने कुटुमसर गुफा, तीरथगढ़, मांझीपाल, धुड़मारास पर्यटन स्थलों का किया भ्रमण

### बढ़ावा देने पर्यटकों से की चर्चा

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने देश के विभिन्न राज्यों से आए ट्रैवल एजेंट से चर्चा की और यहां के इको पर्यटन मॉडल को समझाया। साथ ही सतत विकास के साथ पर्यटन को कैसे इस क्षेत्र में बढ़ावा दिया जाए उस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

# भीषण गर्मी पर शिक्षकों की चेतावनी बच्चों की सेहत से समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बढ़ती भीषण गर्मी और स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी से शाला समय में तत्काल परिवर्तन की मांग की है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि समय रहते निर्णय नहीं लिया गया तो छात्रों की सेहत और पढ़ाई दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

संघ के जिलाध्यक्ष डॉ लुदरसन कश्यप ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि इस वर्ष गर्मी का प्रकोप पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राओं को दोपहर की तेज धूप में स्कूल पहुंचना और पढ़ाई करना कठिन हो जाएगा। वर्तमान समय-सारणी बच्चों के लिए असुविधाजनक साबित हो रही है।

■ सीजीटीए ने उठाई मांग तुरंत प्रात :कालीन हो सभी शालाएं

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 16 मार्च से केंद्रीकृत परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं,जो प्रातःकालीन पाली में संचालित हो रही हैं। ऐसे में अलग-अलग समय पर शालाओं का संचालन होने से व्यवहारिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। छात्रों और शिक्षकों दोनों को समय प्रबंधन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदेश के कई जिलों में पहले ही प्रातःकालीन शाला संचालन के आदेश जारी किए जा चुके हैं,लेकिन बस्तर जिले में अब तक इस दिशा में कोई निर्णय नहीं लिया गया है,जिससे अभिभावकों और शिक्षकों में चिंता बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने की अपील करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए सभी शालाओं को प्रातःकालीन करना आवश्यक है। इससे न केवल पढ़ाई सुचारू रूप से हो सकेगी, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य की भी सुरक्षा सुनिश्चित होगी।



# करोड़ों के निर्माण कार्य में मुरूम की जगह मिट्टी व कम सीमेंट का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/दरभा

दरभा ब्लाक के नेगानार पंचायत में 2 करोड़ 97 लाख 20 हजार रूपए की लागत से कराए जा रहे लाइनिंग जीर्णोद्धार नाली निर्माण कार्य में घटिया निर्माण करने की शिकायत क्षेत्र के ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार किया जा रहा है। इससे पूर्व भी ग्रामीणों ने दूसरे प्रांत के बाहरी मजदूरों से काम कराए जाने का आरोप लगाया था लेकिन विभाग की अनदेखी से ठेकेदार के हौंसले बुंलद है। वर्तमान में चल रहे लाईनिंग निर्माण कार्य में मुरूम की जगह मिट्टी व कम सीमेंट का उपयोग किए जाने की शिकायत की जा रही है।

■ ठेकेदार द्वारा नहर नाली लाईनिंग कार्य में घटिया निर्माण सामग्री

■ जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने शासन से की जांच की मांग

गौतरतल है कि दरभा ब्लॉक के नेगानार पंचायत में 27 दिसम्बर 2025 को 297.20 लाख रूपए की लागत से बनने वाले मंगनार तालाब योजना का लाईनिंग समेत जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन स्थानीय विधायक व सांसद की मौजूदगी में किया गया था। लेकिन भूमिपूजन के बाद से ही ठेकेदार द्वारा यहां बाहरी मजदूरों से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। खबर प्रकाशन के दूसरे ही दिन बाहरी मजदूरों को वहां से हटा दिया गया था लेकिन वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य में विभागीय अनदेखी के चलते पुनः मनमाने तरीके से काम किए जाने से जिससे स्थानीय लोगों में रोष देखा जा रहा है।

नेगानार के मंगनार गांव से लेण्ड्रा पंचायत की सरहद तक जल संसाधन विभाग द्वारा लाइनिंग जीर्णोद्धार नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की लागत 2 करोड़ 97 लाख 20 हजार रूपए है जो राजनांदगाव के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा हैं। लेकिन जल्दबाजी में घटिया तरीके से निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

ग्राम पंचायत नेगानार के सरपंच रुक्मणि मौर्य का कहना है कि आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी देने के लिए मंगनार नहर नाली में लाइनिंग कार्य कराया जा रहा है। लेकिन लाइनिंग कार्य के दौरान मुरुम की जगह केवल मिट्टी से ही लाइनिंग निर्माण कार्य किया जा रहा है। नहर के ऊपर लाइनिंग मे मुरुम के जगह पर मिट्टी पटाई की गई हैं। नहर में कराए जा रहे लाइनिंग निर्माण कार्य में पानी का क्यूरिंग नहीं की जा रही हैं जिससे कुछ दिनों मे ही ढह जाने या उखड़ जाने की संभावना हैं। वहीं लेंड्रा पंचायत के सरपंच सूबेदार बघेल का कहना हैं की यह नहर लाइनिंग जीर्णोद्धार कार्य घटिया सामग्री से की जा रही जिसका गुणवत्ता ठीक नहीं है।



### सीमेंट की बजाए रेत बनने से पहले टूट रहा निर्माण

स्थानीय ग्रामीण बोनो राम, सोनसिंह मौर्य, दामूदर बघेल, सोमारी बघेल, ईश्वर बघेल, विनोद बघेल, बुदरू राम, कमलोचन जायसवाल, सोनारु, कमलेश आदि का कहना है कि लाइनिंग निर्माण कार्य के दौरान यह कई जगह टूट गया है। कई स्थान पर सीमेंट की मात्रा कम डालने के कारण रेत ही रेत दिखाई दे रही है। साथ ही गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। कुछ दिन पहले इसी निर्माण कार्य मे ठेकेदार द्वारा बाहरी मजदूरों से कार्य कराया गया था जिसकी खबर हरिभूमि अखबार मे प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी उसके बाद से ठेकेदार ने बाहरी मजदूरों कों वापस करवा दिया था लेकिन करोड़ो रुपए के कार्य मे गुणवत्ता दिखाई नहीं दे रही हैं। कई स्थानों पर सीमेंट की मात्रा कम डालने के कारण नहर लाइनिंग मे रेत ही रेत दिखाई दे रही।



### ग्रामीणों के आरोपों की होनी चाहिए जांच

करोड़ो रुपए की लागत की निर्माण कार्य मे गुणवत्ताविहीनता उचित नहीं हैं। मौके पर निरीक्षण में कई खामियां उजागर हुई है और ग्रामीणों की शिकायतें सहीं पाई गई है इसलिए ग्रामीणों के आरोपों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

पीडी हरीश
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत दरभा

# 22 मार्च को उल्लास महापरीक्षा में अपना हुनर दिखाएंगे नव-साक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में शिक्षा और ज्ञान की अलख जगाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी कर ली है। इसी कड़ी में 22 मार्च को जिले भर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत महापरीक्षा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर को लेकर कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के जन-जन से जुड़ने और इस अभियान को सफल बनाने की पुरजोर अपील की है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा उन बुजुर्गों और युवाओं के लिए स्वावलंबन की एक नई शुरुआत है, जो किसी कारणवश अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी नहीं कर पाए थे।

■ बस्तर में साक्षरता का महापर्व



कलेक्टर ने जिले के सभी विकासखंडों और ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय साक्षरता केंद्रों के माध्यम से अधिक से अधिक नव-साक्षरों को इस महापरीक्षा में शामिल करने पर जोर दिया है। उन्होंने मैदानी स्तर पर कार्यरत शिक्षकों, प्रेरकों और स्वयंसेवकों को निर्देशित किया है कि वे घर-घर जाकर परीक्षा के प्रति उत्साह का माहौल बनाएं, ताकि कोई भी नव-साक्षर इस अवसर से वंचित न रह जाए। कलेक्टर का मानना है कि जब जिले का हर नागरिक पढ़ना-लिखना और बुनियादी गणना करना सीख जाएगा, तभी बस्तर विकास की मुख्यधारा में मजबूती से खड़ा हो सकेगा।

इस महापरीक्षा की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण इस प्रकार किया गया है कि सुदूर वनांचलों में रहने वाले प्रतिभागियों को भी परीक्षा देने में कोई असुविधा न हो। आगामी 22 मार्च को होने वाले इस मूल्यांकन में प्रतिभागियों की पढ़ने, लिखने और साधारण अंकगणित की क्षमता को परखा जाएगा, जिसके बाद सफल उम्मीदवारों को बुनियादी साक्षरता का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र न केवल उनकी शैक्षणिक योग्यता का प्रतीक होगा, बल्कि उनके भीतर एक नया आत्मविश्वास भी पैदा करेगा। कलेक्टर ने जिले के प्रबुद्ध नागरिकों से भी आग्रह किया है कि वे अपने आसपास के नव-साक्षरों को प्रोत्साहित कर परीक्षा केंद्र तक लाने में अपनी सहभागिता निभाएं, ताकि बस्तर जिले को पूर्ण साक्षर बनाने का सपना साकार हो सके।

# जंगल में लगी आग को बुझाने पहुंचे एसडीओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन विभाग जगदलपुर के एसडीओ देवलाल दुग्गा अपने पैतृक गांव गांव बिलाईकच्छार में भांजा के विवाह में पहुंचे थे। उसी समय शादी घर से कुछ दूर जंगल में आग लगी रही, जिससे देखकर स्थल में पहुंचकर स्वयं के साथ श्यामलाल दुग्गा टीचर, सुखीराम उसेंडी पूर्व सरपंच, रामजीराम कोर्राम दूल्हे का भाई और कुछ अन्य साथियों के साथ तत्परता दिखाते हुए आग को बुझाया गया।

